an>

Title: Need to ensure availability of fertilizers and seeds at Government agencies in Eastern Uttar Pradesh.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): पूर्वी उत्तर प्रदेश में रासायनिक उर्वरकों की भारी कमी है। इस समय रबी फसल की बुवाई अपने चरम पर है। परंतु सरकारी और सहकारी एजेंसियों पर उर्वरकों की उपलब्धता नहीं होने के कारण किसान निजी दुकानों से महंगे एवं मिलावटी उर्वरक खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। दूसरी ओर सरकारी एजेंसियों द्वारा निर्धारित दर के उर्वरकों की धड़ल्ले से कालाबाजारी की जा रही है। यही हालत गेहूं इत्यादि के बीजों की भी है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह पूर्वी उत्तर प्रदेश में खाद-बीज की उपलब्धता तत्काल सुनिश्चित करावे।